मनमानी ▶ भाजयुमो ने उड़ाई निर्देशों की धज्जियां

## प्रतिबंध के बाद भी रानीताल फ्लाई ओवर के नीचे लटकाए पोस्टर

**खड़े होने वाले सवाल... अब कब और कौन करेगा कार्रवाई ?**




**नवभारत,जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के ड्रीम प्रोजक्ट दमोहनाका फ्लाई ओवर ब्रिज की भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेताओं ने दुर्दशा करते हुए पोस्टर लटकाए। जबकि लोक निर्माण विभाग द्वारा स्पष्ट किया जा चुका है कि फ्लाई ओवर ब्रिज पर किसी प्रकार का पोस्टर या विज्ञापन न लगाया जाए। लेकिन धरातल में भाजयुमो के नेताओं ने भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के बड़े-बड़े पोस्टर फ्लाई ओवर से नीचे की ओर लटका दिए जिससे सड़क दुर्घटना को खुले तौर पर आमंत्रण दिया गया। पूरे मामले में बड़े अफसोस की बात है कि भाजपा युवा मोर्चा के नेताओं को ही अपने वरिष्ठ नेता की अपील का ही असर नहीं हुआ और अब वे नियम कानून प्रशासन के साथ ही संगठन की परंपराओं को भी चुनौती देते नजर आए। जानकारी के अनुसार शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का नगर आगमन हुआ था और संगठन से जुड़े नेता अपना वर्चस्व दिखाने शहर में अलग-अलग जगह बड़े बड़े पोस्टर लगाकर रखे हुए थे।

### लगा हुआ है प्रतिबंध

जानकारी के अनुसार फ्लाई ओवर पर लोक निर्माण विभाग द्वारा किसी भी तरह के विज्ञापन और पोस्टर आदि लगाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस प्रतिबंधित की सार्वजनिक सूचना भी फ्लाई ओवर कई जगह लगाई भी गई है। यह भी सचेत किया गया है कि यदि किसी ने फ्लाई ओवर पर पोस्टर बैनर लगाए तो उनके विरुद्ध संपत्ति विरूपण अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाही की जाएगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा फ्लाई ओवर पर विज्ञापन और पोस्टर आदि लगाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस प्रतिबंध के बावजूद भी युवा मोर्चा ने प्रतिबंध की धज्जियां उड़ा दी हैं। अब सवाल यह उठ रहा है कि इस मामले में लोक निर्माण विभाग या अन्य कोई दूसरा विभाग कौन सी कार्रवाही करेगा। यह भी एक बड़ा सवाल बना रहेगा।

**हाईकोर्ट ने सरकार व फार्मेसी काउंसिल से मांगा जवाब**

## फार्मासिस्ट लाइसेंस नवीनीकरण की फीस का मामला

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने फार्मासिस्ट लाइसेंस नवीनीकरण की फीस बढ़ाए जाने के रवैये पर राज्य शासन व फर्मेसी काउंसिल को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। जिसके लिये चार सप्ताह की मोहलत दी गई है। याचिकाकर्ता विजयनगर जबलपुर निवासी फार्मासिस्ट संजय चंद्रेश जैन की ओर से अधिवक्ता अविनाश जरगर ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि मध्य प्रदेश फार्मेसी काउंसिल द्वारा गत 31 दिसंबर को अप्रत्याशित रूप से फार्मासिस्ट लाइसेंस नवीनीकरण की फीस 500 रुपये से बढ़ाकर ढाई हजार रुपये प्रतिवर्ष कर दी गई है। विलंब शुल्क भी 100 रुपये से बढ़ा कर 2000 रुपये प्रतिवर्ष कर दिया है। चूंकि बढ़ाई गई फीस न्यायसंगत नहीं है, अतः हाईकोर्ट की शरण ली गई है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## सराफा बाजार में रोजाना जाम, लोगों का हाल बेहाल





**ई रिक्शा की धमाचौकड़ी लोगों को कर रही परेशान**

**नवभारत,जबलपुर।** शहर के प्रमुख व्यस्त बाजार सराफा में रोजाना ट्रैफिक जाम की समस्या आम होती जा रही है। दोपहर के समय सराफा चौराहा से कमानिया गेट और कोतवाली क्षेत्र तक वाहन रेंगते हुए ही आगे बढ़ पाते हैं। राहगीरों और वाहन चालकों को घंटों जाम में फंसकर परेशानी झेलनी पड़ रही है। खास तौर पर ई- रिक्शा की धमा चौकड़ी लोगों को परेशान कर रही है। जिसके कारण राहगीरों को अपने वाहनों से रेंगते हुए चलना पड़ रहा है।

### नियम कायदे धरे के धरे

बाजार के अंदर नागरिकों की ना समझी और नियम का पालन न होने से जाम की समस्या बढ़ती जा रही है। जिसमें खास तौर पर देखा जा रहा है कि यहां एक साइड से आने वाले वाहन पूरी रोड को घेर लेते हैं। जिसके कारण सामने से आने वाले वाहनों को निकलने की जगह नहीं मिलती है। ई- रिक्शा संचालक भी लाइन से ना चल कर पूरी सड़क पर कब्जा करते हुए अपना वाहन चलाते हैं।

## एसआईआर के नाम पर काटे जा रहे मतदाताओं के नाम

▶ **कांग्रेसियों ने एसपी के नाम सौंपा ज्ञापन कहा सड़क से लेकर सदन तक लड़ेगी कांग्रेस**



नवभारत,जबलपुर। शनिवार को विधायक लखन घनघोरिया व शहर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसियों का समूह एसपी कार्यालय पहुंचा जहां कांग्रेसियों ने एसपी के नाम पुलिस अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और मांग की कि एफआईआर दर्ज कर भाजपा के खिलाफ कार्रवाई की जाए क्योंकि भाजपा की वोट चोर गैंग शहर में सक्रिय है और पार्टी साजिश करके एसआईआर की आड़ में पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काट रही है। इस मौके पर ऐसे कई मतदाताओं की भी मौजूदगी कांग्रेसियों के साथ रही जिनके नाम मतदाता सूची से काट दिए गए हैं।

इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक लखन घनघोरिया ने कहा है की भाजपा के द्वारा अपने पदाधिकारियों से पात्र मतदाताओं के नाम जानबूझ कर काटे जा रहे हैं, यह कृत किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अगर शासन व प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की तो कांग्रेस पार्टी कोर्ट में याचिका दाखिल करेगी।

### अमर शहीद राजा शंकर शाह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि

शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पीड़ित मतदाताओं ने अमर शहीद राजा शंकर शाह एवं राजा रघुनाथ शाह की प्रतिमा स्थल पर एकत्र होकर पुष्पांजलि अर्पित की और संकल्प लिया कि जिस प्रकार उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष किया था, उसी तरह आज कांग्रेस लोकतंत्र के दुश्मनों के खिलाफ निर्णायक संघर्ष करेगी। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय: तक विशाल कूच कर भाजपा की वोट-चोरी साजिश का कच्चा-चिट्ठा उजागर किया गया।

## विक्टोरिया अस्पताल पहुंच बीपीएल ने स्वास्थ्य अधिकारी को धमकाया

▶ **पिता के खिलाफ दर्ज धोखाधड़ी की एफआईआर वापस लेने बनाया दबाव**

**जबलपुर।** ओमती थाने में पिता के खिलाफ दर्ज धोखाधड़ी की एफआईआर वापिस लेने मझौली स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ बीपीएल ने विक्टोरिया अस्पताल पहुंचकर स्वास्थ्य अधिकारी को धमकाया और दबाव बनाया। मामले में पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक विजय पाण्डेय पिता गया प्रसाद पाण्डेय 43 वर्ष निवासी दुर्गानगर, रामपुर थाना गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे जिला डेटा प्रबंधक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर में पदस्थ है। मार्कशीट के फर्जी सत्यापन दस्तावेज बनाकर झूठी शिकायत मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और कलेक्टर में करने पर सुभाष चंदा पर कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर के प्रतिवेदन एवं जांच उपरांत ओमती थाने में तीन फरवरी को एफआईआर दर्ज कराई गई थी। सुभाष चंदा का पुत्र अमित चंदा स्वास्थ्य विभाग में बीपीएम मझौली के पद में पदस्थ है। 6 फरवरी को कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला टीकाकरण अधिकारी जबलपुर जिला चिकित्सालय परिसर विक्टोरिया के ऊपरी तल पर स्थित कैबिन में आया और स्टाफ सुनील शुक्ला डाटा एन्ट्री आपरेटर एवं नीरज रजक व संदीप रैकवार सपोर्ट स्टाफ की मौजूदगी में अमित चंदा द्वारा उसके पिता पर दर्ज एफआईआर वापस लेने धमकाने लगा था।

## बंदी की मौत, होगी न्यायिक जांच

**नरसिंहपुर जेल से केन्द्रीय जेल में कराया गया था दाखिल**

**जबलपुर ।** धोखाधड़ी के प्रकरण में दंडित बंदी को नरसिंहपुर जेल से केन्द्रीय जेल जबलपुर में दाखिल कराया गया था जिसकी शनिवार को अचानक तबियत बिगड़ गई और उसे तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां उसे डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। मामले की अब न्यायिक जांच होगी।

पुलिस के मुताबिक शनिवार को जेल प्रहरी ने सूचना दी कि धोखाधडी के प्रकरण में आजीवन कारावास के दण्ड से दंण्डित बंदी अजीत राम साहू 74 वर्ष निवासी इंद्रावती पोस्ट टेडेसरा थाना सोमनी जिला राजनांद गॉव को नरसिंहपुर जेल से 4 जनवरी 26 को उपचार के लिए केन्द्रीय जेल जबलपुर में दखिल कराया गया था। सुबह अजीत राम साहू का स्वास्थ खराब होने पर मेडिकल कालेज भेजा गया मेडिकल कालेज में डाक्टर ने चैक कर अजीत राम साहू को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कार्यवाही कर शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच मे लिया है। मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है जांच में जो तथ्य सामने आएंगे आगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

**छुई खदान में महिलाओं ने आरोपी के खिलाफ लगाएं नारे**

## गोलीकांड : कुख्यात बदमाश का गुर्गे के साथ निकला जुलूस, चार गिरफ्तार, दो गए जेल

**नवभारत, जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत बेदी नगर छुईखदान में फायरिंग करने वाले मुख्य आरोपी समेत चारों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में दो नाबालिग थे जिन्हें बाल सुधार गृह भेज दिया गया जबकि कुख्यात बदमाश और उसके गुर्गे को पुलिस वहां ले गई जहां उन्होंने दशहत फैलाई थी। इस दौरान दौरान महिलाओं ने आरोपित के खिलाफ नारे लगाएं । इसके बाद पुलिस दोनों को न्यायालय ले कर पहुंची जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।



विदित हो कि लालू पटेल 36 वर्ष निवासी छुई खदान ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह बिल्डिंग साईट पर देखरेख का काम करता है। शिब्बू उसके घर से लगभग 400 मीटर उपर पहाडी पर रहता है जो बदमाश है । कुछ दिन पहले ही दिनेश झारिया के मर्डर के मामले में जमानत पर छूटकर आया है। सोमवार रात्रि प्रान्सू पासी के पान के टपरे के पास आकर खड़ा हुआ था तभी वेदी नगर की तरफ से 2 बिना नबर की एक्सिस स्कूटी में शिब्बू, अतुल साहू, अपने नाबालिग साथियों के साथ आये थे। चारो कहने लगे कि आज कल बहुत कमाई कर रहा है, यदि इस मोहल्ले में रहना है तो हर हफ्ते पैसे देना पड़ेगा नहीं तो तुम्हें जान से खत्म कर देंगे, उसने पैसे देने से मना किया, तो बालक चाकू निकालने लगा तभी शिब्बू खान ने कमर में फंसी पिस्टल से उसे जान से मारने की नियत से उस के ऊपर गोली चला दी थी, गोली उसके बाये ओर से निकल गई थी। इसके बाद सभी भाग गए थे। इसके बाद पुनः चारों आए और फिर से फायरिंग कर दी थी । पुलिस ने आरोपी को पकड़ने कल लम्हेटा रोड पर घेराबंदी की थी तो स्कूटी सवार शिब्बू ने वाहन की स्पीड बढ़ा दी थी जिसके चलते वे डिवाइडर से जाकर टकरा गया था और घायल हो गया था।। हादसे में उसे चोटें आ गई जिसे उपचार के

## 4 घरों पर चोरों का धावा, लाखों का माल ले गए चोर



**नवभारत, जबलपुर।** शहर एवं ग्रामीण अंचल में बेखौफ चोरों ने चार घरों में धावा बोलते हुए सोने चांदी के जेवरात, नगदी समेत लाखों रूपए का माल पार कर दिया। यह वारदातें गोहलपुर, तिलवारा, भेड़ाघाट, मझौली थाना क्षेत्र में हुई है। पुलिस ने चारों ही मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है ।

गोहलपुर पुलिस ने बताया कि शनिवार को परवेज आलम 36 वर्ष निवासी सिरसा तले ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह और पत्नी पूरे परिवार के साथ नानी के यहां गए थे। पिता जब दुकान से घर आए तो ताला टूटा था । अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात, गायब थे । इसी प्रकार मझौली थाने में शनिवार को विष्णु शरण अग्रवाल 37 वर्ष निवासी सिहोरा काकरदेही मझौली ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वे मझौली में पान की दुकान, एवं मोबाइल की दुकान चलाता है। बीती रात्रि करीब 11:30 बजे अपनी दोनों दुकान से करीब 18000 रूपये लेकर अपने घर वापस गया था घर के कमरे में काउण्टर की ड्राज में जाकर 18000 रूपये रख दिये जिसमें पहले से 12000 रूपये रखे थे सुबह 05 बजे मंझले भाई राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने उठाया और बताये की घर की गैलरी के दरवाजे का ताला टूटा है। मोबाइल, एवं नगद 30,000 रूपए गायब थे । इसी प्रकार तिलवारा थाने में कु. पूनम तिवारी 26 वर्ष निवासी भैरोबाबा कुष्ट आश्रम के पास तिलवारा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बाजनामठ शास्त्रीनगर में नारियल प्रसाद की दुकान लगाती है उसके पास सोने के कान के टाप्स कीमती लगभग 30 हजार रूपये के थे । कोई अज्ञात चोर घर से उसके सोने के कान के टाप्स चोरी कर ले गया है। इसी प्रकार भेड़ाघाट थाने में राजू उसरेठे 45 वर्ष निवासी दुर्गा कालोनी भेडाघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मेडिकल कालेज में प्राईवेट में वार्ड ब्वाय की नौकरी करता है विवाह समारोह में शामिल होने के लिये परिवार सहित परियट पिपरिया चला गया था। जब वापिस लौटे तो गेट का एवं दरवाजे का ताला टूटा हुआ था चोर

## पूर्व एसडीओपी पूजा पांडे के बहनोई वीरेन्द्र दीक्षित को मिली जमानत

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के जस्टिस डीएन की एकल पीठ ने सिवनी जिले में घटित 2.97 करोड़ रुपये के हवाला लूट कांड के एक आरोपी वीरेंद्र दीक्षित को नियमित जमानत प्रदान की है। दरअसल अक्टूबर 2025 में सिवनी के लखनादौन थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक कार से लगभग 3 करोड़ रुपये की अवैध हवाला राशि जब्त होने का दावा किया था। हालांकि, बाद में यह मामला पुलिस की साजिश के रूप में उभरा, जब आरोप लगा कि पुलिस टीम ने जब्त राशि का एक बड़ा हिस्सा (लगभग 1.5 करोड़ रुपये) स्वयं हड़प लिया।

## नई कार्यकारिणी का होगा गठन भोपाल से होगी घोषणा

**जबलपुर, नवभारत।** आजादी की लड़ाई में योगदान देने वाले शूरवीरों की विरासत को सहेजने और संगठन को मजबूती देने के लिए आज आठ फरवरी को एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। यह बैठक दोपहर 2 बजे स्थानीय गांधी भवन टाउन हॉल में आयोजित होगी। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के माध्यम से वर्ष 2026 के लिए नवीन सदस्यता अभियान शुरू किया जा रहा है। प्रकोष्ठ के पदाधिकारी केशव प्रसाद चौरसिया ने जानकारी दी कि मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रकोष्ठ अध्यक्ष अजय नारायण सितलानी ने जबलपुर जिला और नगर इकाई के लिए योग्य नामों की सूची मांगी है। बैठक में सक्रिय कार्यकर्ताओं का चयन किया जाएगा, जिसके बाद जिलाध्यक्ष और कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा भोपाल से की जाएगी। बैठक को सफल बनाने के लिए मनोज नामदेव, राजेंद्र, रज्जू सराफ, ओमप्रकाश जायसवाल, ओम शर्मा, शिव मंगल यादव, डॉ. किरण गठौरिया, प्रीति चौधरी, अशोक यादव, निर्मल चंद जैन, अशोक बर्मन, श्याम सोलंकी और अल्केश गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने सभी वंशजों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया है।

## वृद्धा पर झपट्टा मारकर पर्स लूटा

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अंतर्गत लाल चौक में बाइक सवार लुटेरों ने एक वृद्धा पर झपट्टा मारकर उसका पर्स लूट लिया और फरार हो गए। लूटे गए पर्स में नगदी, मोबाइल, चाबि यां रखी हुई थी। पुलिस के मुताबिक उमेश भाटिया 50 साल निवासी रतन कालोनी नर्मदा रोड गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी फर्नीचर की दुकान गोरखपुर गुरुद्वारा के पास है शनिवार सुबह माँ श्रीमती रतना भाटिया 72 वर्ष योगा के लिये भंवरताल गार्डन गयी थी जो योगा पश्चात भंवरताल गार्डन से पैदल घर लौट रही थी कि लगभग 08.10 बजे भंडारी अस्पताल से बारे लाल चौक के बीच दो अज्ञात लडके जो मोटर सायकिल पर सवार थे ।

## 30 अप्रैल के पहले होंगे मप्र स्टेट बार काउंसिल के चुनाव

**जबलपुर, नवभारत।** मप्र के करीब एक लाख से अधिक अधिवक्ताओं के लिए उच्चतम न्यायालय से बड़ी खबर सामने आई है। लंबे समय से टलते आ रहे स्टेट बार काउंसिल चुनावों को लेकर अब उच्चतम न्यायालय ने सख्त समय-सीमा तय कर दी है। जस्टिस रवि शंकर झा की निगरानी में 30 अप्रैल 2026 तक हर हाल में चुनाव प्रक्रिया पूरी करानी होगी। उच्चतम न्यायालय में इस मामले की सुनवाई जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष हुई। कोर्ट ने रिकॉर्ड पर यह तथ्य लिया कि एमपी स्टेट बार काउंसिल की निर्वाचित कार्यकारिणी का निर्धारित कार्यकाल अक्टूबर 2025 में समाप्त हो चुका था। इसके बावजूद लंबे समय तक चुनाव प्रक्रिया शुरु न होना अदालत को गंभीर लापरवाही प्रतीत हुई। कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निर्वाचित संस्था का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी चुनाव न कराना अधिवक्ताओं के संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है।

### विस्तार अंतिम था....

सुनवाई के दौरान भारतीय विधिज्ञ परिषद ने उच्चतम न्यायालय को अवगत कराया कि एडवोकेट्स एक्ट, 1961 की धारा 8 के अंतर्गत मध्य प्रदेश स्टेट बार काउंसिल को छह महीने का अतिरिक्त विस्तार प्रदान किया गया था। उच्चतम न्यायालय ने इस दलील को स्वीकार तो किया, लेकिन साथ ही यह भी साफ कर दिया कि यह विस्तार अंतिम था। कोर्ट ने कहा कि अब किसी भी परिस्थिति में और समय नहीं दिया जाएगा और तय समय-सीमा के भीतर नई निर्वाचित परिषद का गठन अनिवार्य है। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि उच्चतम न्यायालय के इस हस्तक्षेप से राज्य में बार काउंसिल की लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होगी और अधिवक्ताओं को जवाबदेह नेतृत्व मिलेगा।

### योजनाएं होती है प्रभावित

मप्र स्टेट बार काउंसिल प्रदेश के लगभग एक लाख से अधिक अधिवक्ताओं का प्रतिनिधित्व करती है। चुनाव में देरी के चलते अधिवक्ता कल्याण योजनाएं प्रभावित हो रही थीं। मृत्यु दावा राशि, चिकित्सा सहायता, आर्थिक सहयोग और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के निर्णय नई परिषद के अभाव में लंबित थे इसके अलावा वकीलों के खिलाफ अनुशासनात्मक मामलों की सुनवाई और समितियों का पुनर्गठन भी चुनाव पर निर्भर था।

समीक्षा ▶ जन-कल्याणकारी योजनाओं के कार्यों को समय पर पूरा करने निर्देश

## टीम वर्क और लक्ष्य पर निगमायुक्त का विशेष जोर



**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कड़े तेवर अपना लिए हैं। शनिवार को समीक्षा बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि निगम के सभी विभागों को टीम वर्क की भावना से काम करना होगा और निर्धारित 'लक्ष्य' को समय सीमा के भीतर हासिल करना होगा।

इस दौरान निगमायुक्त ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी कि बकाया करों की वसूली के लिए फील्ड में प्रतिदिन जाएं और करदाताओं से सम्पर्क स्थापित करते हुए समस्त बकाया करों की राशि जमा कराएं, साथ ही मकानों एवं प्रतिष्ठानों की वास्तविक स्थितियों की जानकारी से डिमांड को अपडेट करते रहें। निगमायुक्त ने सर्वे के कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने बड़े बकायेदारों के खिलाफ कुर्की और तालाबंदी जैसी कठोर कार्रवाई करने के लिए भी निर्देशित किया और कहा कि अब राजस्व वसूली अभियान की समीक्षा प्रतिदिन 9 बजे से की जायेगी।

### अन्य विभागों के अधिकारियों को दिए निर्देश

इस मौके पर पर निगमायुक्त ने सभी अधिकारियों से ये भी कहा कि उनकी राजस्व के साथ-साथ स्वच्छता और हितग्राही मूलक योजनाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता है। बैठक के अंत में निगमायुक्त ने राजस्व, स्वास्थ्य, जल, उद्यान, स्थापना, विधि और अन्य विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को पूर्ण ईमानदारी और गंभीरता के साथ पूर्ण करें, फील्ड में कार्य करें। उन्होंने राजस्व वसूली स्वच्छ सर्वेक्षण और शासकीय योजनाओं के कार्यों के साथ-साथ अद्योसंरचना एवं विकास कार्यों पर विशेष फोकस रखने के निर्देश दिये।